नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर

सहकारः कार्यसाधकः

(म.प्र. सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1960 के अधीन रजिस्ट्रीकृत)

प्रधान कार्यालय : 73, गोविन्दपुरी, विश्वविद्यालय मार्ग, ग्वालियर - 474 011

पत्र क्रमांक मुख्या0 / सभा / 2024–2025 / 46 / 289 **दिनांक :** 19–07–2024

*** बैंक के वार्षिक प्रतिवेदन के प्रकाशन हेतु कोटेशन ***

यह बैंक प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक प्रतिवेदन प्रकाशन करने जा रहा है । वार्षिक प्रतिवेदन का विवरण संलग्न कोटेशन प्रारूप में उल्लेखित है। पत्रिका उच्चकोटि छपाई एवं उत्तम साजसज्जा युक्त प्रकाशित होना है। अतएव सक्षम मुद्रकों, जिन्हें पत्रिका प्रकाशन का अनुभव है, से पत्रिकायें प्रिंटिंग कर बैंक को निम्नलिखित शर्तों पर प्रदाय करने हेतु दरें अंकित किये हुए कोटेशन आमंत्रित किये जाते हैं –

(1) बैंक को **200, 500** अथवा **1000** वार्षिक प्रतिवेदन छपवाना है, अतः **200, 500** और **1000** वार्षिक प्रतिवेदन की पृथक–पृथक कोटेशन दरें अंकित करें।

(2) कोटेशन निर्धारित प्रारूप पर ही भरा जावे। अपूर्ण / कटे–पिटे कोटेशन्स पर विचार नहीं किया जावेगा ।

(3) कोटेशन सीलबंद लिफाफे में **दिनांक 25 जुलाई 2014, गुरूवार, दोपहर 02.00 बजे तक** बैंक मुख्यालय – 73, गोविन्दपुरी, विश्वविद्यालय मार्ग, ग्वालियर में जमा हो जाना चाहिये ।

(4) कोटेशन के साथ कागज / कार्डशीट / आर्टकार्ड के नमूने संलग्न किये जाना चाहिये ।

(5) कोटेशन के साथ पूर्व में आपके द्वारा प्रकाशित कोई भी स्मारिका / पत्रिका नमूना हेतु संलग्न की जाना चाहिये ।

(6) कार्य अवधि सामग्री प्रदाय के दिनांक से (पन्द्रह) 15 दिवस रहेगी ।

(7) **कोटेशन समस्त व्यय यथा पैकिंग / फारवर्डिंग / भाड़ा / जीएसटी / अन्यकर आदि सहित हो अर्थात कोटेशन के अतिरिक्त कोई व्यय स्वीकार्य नहीं होगा । इस कार्य हेतु कोई अग्रिम नहीं दिया जावेगा।**

(8) किसी कोटेशन को स्वीकृत / अस्वीकृत करने के समस्त अधिकार अध्यक्ष, नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर को है तथा उनका निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा ।

संलग्नः–कोटेशन प्रारूप तथा पूर्व वर्ष की पत्रिका।

नागरिक सहकारी बैंक मर्या. प्रधान कार्यालय ग्वालियर

19/7/24

महाप्रबंधक
नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर
प्रधान कार्यालय – 73, गोविन्दपुरी, वि.वि. मार्ग, ग्वालियर
मोबाईल नं. 94251–10177

प्रति,

सूचना पटल कॉपी।

फोन : 0751-2371603, 4923201

email : nsbho@nsbgwalior.com • website : www.nsbgwalior.com